राज्यपाल सचिवालय
राजभवन जयपुर

पूर्व राष्ट्रपति श्री मुखर्जी के निधन पर राज्यपाल की संवेदना

जयपुर, 31 अगस्त। राजस्थान के राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने भारत के पूर्व राष्ट्रपति श्री प्रणव मुखर्जी के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया है।

राज्यपाल श्री मिश्र ने कहा है कि ''पूर्व राष्ट्रपति एवं भारतीय राजनीति के युग पुरुषों में से एक, अत्यंत सम्माननीय आदरणीय भारत रत्न श्री प्रणव मुखर्जी के निधन का अत्यंत दुःखद समाचार प्राप्त हुआ। श्री प्रणब मुखर्जी भारतीय राजनीति के पुरोधा रहे है। श्री मुखर्जी जी का निधन मेरे लिए व्यक्तिगत क्षति है। मैं उनके परिवारजनों एवं समर्थकों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं तथा भगवान से प्रार्थना करता हूँ कि वह पुण्यात्मा को अपने श्री चरणों में स्थान प्रदान करें।''

राज्यपाल श्री मिश्र ने दिवगंत आत्मा की शांति और शोक संतप्त परिजनों को इस दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने के लिए परम पिता परमेश्वर से प्रार्थना की है।

——

डॉ. लोकेश चन्द्र शर्मा
सहायक निदेशक, राज्यपाल, राजस्थान
98292—71189